राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

विश्व पर्यावरण दिवस पर राज्यपाल ने
सभी से किया अधिकाधिक पौधे लगाने का आह्वान

जयपुर, 4 जून। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) के अवसर पर सभी से अधिक से अधिक पौधे लगा कर पर्यावरण की रक्षा करने का आह्वान किया है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा है कि बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों और पारिस्थिति की तंत्र पर बढ़ रहे दबाव को कम करने के लिए पेड़ लगाना ही सबसे आसान उपाय है। उन्होंने कहा कि हमें पौधारोपण करने के साथ ही उनकी बड़े होने तक पूरी देखभाल भी करनी चाहिए ।

——